राजकीय वरिष्ठ सीनियर सेकंडरी विद्यालय ऊंचा गांव में पर्यावरण जागरूकता अभियान का आयोजन

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के राजनीतिक शास्त्र विभाग द्वारा सामाजिक दायित्व के निर्वहन के अंतर्गत दिनांक 17 अक्तूबर 2022 को राजकीय वरिष्ठ सीनियर सेकंडरी विद्यालय ऊंचा गांव में पर्यावरण जागरूकता अभियान चलाया गया। आज पर्यावरण संकट ने विश्व संकट का रूप ले लिया हैं । पर्यावरण को सुरक्षित व संरक्षित करने की ज़िम्मेदारी हम सबकी हैं और आम जनता पर्यावरण के प्रति संवेदनशील व जागरूक हो इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए राजनीति शास्त्र विभाग की विभागध्यक्षा ड़ा. रितु द्वारा विद्यालय के विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए एक व्याख्यान दिया गया जिसमें उन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के प्रदूषण व कैसे इनसे बचा जा सकता हैं के बारे में बताया । हमारे पूर्वज प्रकर्ति की पूजा करते थे और हमारे पर्यावरण को बचाने की कोशिश करते थे किंतु आज हम प्राकृतिक संसाधनों का शोषण कर रहे हैं । विद्यार्थियों को यह बात समझ आ सके ताकि आने वाली पीढ़ी हमारी धरोहर को सुरक्षित रखें । इसी उद्देश्य की पूर्ति करने हेतु विद्यालय में पोधारोपण किया गया और सभी ने प्रकर्ति को सुरक्षित रखने का संकल्प लिया । विद्यालय प्राचार्य के सहयोग से यह कार्यक्रम राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा सम्पन्न किया गया ।